an>

Title: Regarding the road being constructed between Kalpi Jolhupur and Hamirpur in Jalaun Parliamentary Constituency, U.P.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके संज्ञान में एक विषय लाना चाहता हूं। मेरे लोक सभा क्षेत्र में जोल्हूपुर से हमीरपुर रोड बनायी जा रही है। वह रोड इतनी खराब थी कि विश्व की जाने-माने डिस्कवरी टी.वी. चैनल पर बताया गया था कि जोल्हूपुर से हमीरपुर रोड एशिया में सबसे ज्यादा खराब रोड है। उसमें काम प्रगति पर है। रोड का चौड़ीकरण किया जा रहा है। चौड़ीकरण के नाम पर रोड के किनारे से मिट्टी लेकर रोड पर डाली जा रही है। विशेष रूप से जो उस रोड की पुलिया हैं, जबकि उनको नये तरीके से बनाना चाहिए था। उनको नये तरीके से न बनाकर सिर्फ जितना रोड चौड़ा किया जा रहा है, उतनी ही पुलिया बनायी जा रही है। वहां कार्य की प्रगति बहुत धीमी है। उस रोड से बालू का खनन बहुत ज्यादा होता है। अगर रोड की गुणवत्ता की जांच न हुई और यह रोड को अच्छी तरीके से नहीं बनाया गया, तो मुझे नहीं लगता है कि कुछ दिन तक यह चल सकेगा।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि प्रदेश सरकार को वह निर्देशित करे कि वह एक कमेटी गठित करे, जो समय-समय पर उस रोड की जांच करती रहे, जिससे वह रोड अच्छे तरीके से बनायी जा सके और उस क्षेत्र की जनता उसका लाभ उठा सके।

माननीय अध्यक्ष : श्री अधीर रंजन चौधरी : उपस्थित नहीं।

श्री दुष्यंत चौटाला।